SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 07 सितंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 339

# बेंगलुरु में रातभर हुई भारी बारिश... 32 साल का टूटा रिकॉर्ड, सड़क से लेकर हवाई अड्डे तक जलमग्न



**बेंगलुरु (आरएनएस)।** बेंगलुरु में रात भर हुई मूसालाधार बारिश के कारण कई इलाकों में पानी भर गया और राहत कार्यों के लिए नौकाओं तथा ट्रैक्टरों को लगाना पड़ा, वहीं लोगों ने कथित कुप्रबंधन के खिलाफ गुस्सा जाहिर किया। शहर में अनेक झील, तालाब और नाले लबालब भरे हैं और निचले इलाकों में घरों में पानी भर गया है जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। बाढग्रस्त सडक़ों पर गुजरने में और अपने गंतव्यों तक पहुंचने में बेंगलुरु वासियों को बहुत मशक्कत करनी पड़ी। हवाई अड्डा भी जलभराव से अछूता नहीं रहा।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बेंगलुरू में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच सोमवार रात कहा कि सरकार ने शहर में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए 300 करोड़ रुपये जारी करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने रात में वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें राज्य, विशेष रूप से राजधानी शहर में बारिश और बाढ़ की स्थिति और इससे हुए नुकसान का जायजा लिया गया।

राज्य सरकार ने राज्य भर में बारिश और बाढ़ की स्थिति के प्रबंधन के लिए 600 करोड़ रुपये जारी करने का फैसला किया है। बोम्मई ने कहा कि सडक़, बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर, स्कूल आदि जैसे क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे को बहाल करने के लिए 300 करोड़ रुपये अकेले बेंगलुरु के लिए रखे गए हैं।

**बारिश ने तोड़ा 32 साल का रिकॉर्ड-** बोम्मई ने कहा कि 1-5 सितंबर तक शहर के कुछ हिस्सों में सामान्य से 150 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। वहीं,महादेवपुरा, बोम्मनहल्ली और के आर पुरम क्षेत्रों में सामान्य से 307 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। यह पिछले 32 वर्षों (1992-93) की तुलना में सबसे अधिक वर्षा है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में 164 झीलों को जोडऩे से पानी भर गया है।

**लोग सोशल मीडिया में कर रहे गुस्से का इजहार-** लोगों ने ट्विटर पर अपनी नाराजगी जाहिर की। इसी तरह के एक पोस्ट में एक वीडियो जारी किया गया जिसमें लोगों को शहर के हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार पर पानी के बीच में से गुजरते देखा जा सकता है। जानेमाने आईटी उद्यमी मोहन दास पई ने ट्विटर पर एक वीडियो डाला है और शीर्षक दिया है कृपया बेंगलुरु को देखिए। इस वीडियो में भगवान गणेश की वेशभूषा में एक व्यक्ति घुटनों तक पानी में जा रहा है और पीछे सडक़ पर रेंगते हुए वाहन देखे जा सकते हैं। एक अन्य व्यक्ति ने लिखा कि वह आउटर रिंग रोड पर पांच घंटे तक फंसा रहा।

सरजापुर रोड पर रैंबो ड्राइव लेआउट और सनी ब्रूक्स लेआउट समेत कुछ इलाकों में जलभराव की ऐसी स्थिति है कि सुबह के समय छात्रों और दफ्तर जाने वालों को निकालने के लिए नौकाओं तथा ट्रैक्टरों का इस्तेमाल करना पड़ा। आउटर रिंग रोड पर अनेक इलाकों से खबरें हैं कि बारिश और बाढ़ की वजह से अनेक आईटी कंपनियों का कामकाज भी प्रभावित हुआ है। एक नाराज व्यक्ति ने ट्वीट किया, सरकार तब तक कुछ नहीं करेगी जब तक कि आईटी कंपनियां शहर से बाहर नहीं चली जातीं। जब तक उनका राजस्व प्रभावित नहीं होता।

**नुकसान से निपटने के लिए बेंगलुरु को 300 करोड़ रुपए -** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा है कि मौजूदा बारिश की स्थिति से निपटने के साथ-साथ बेंगलुरु में बुनियादी ढांचे के रखरखाव के लिए 300 करोड़ रुपए जारी करने का फैसला किया गया है। बोम्मई ने सोमवार को बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियो के बैठक के बाद मीडियाकर्मीयों से बातचीत में कहा कि बेंगलुरु में बाढ़ जैसी स्थिति को देखते हुए शहर के लिए विशेष रूप से राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) की एक कंपनी स्थापित करने और उपकरण उपलब्ध कराने के लिए 9.50 करोड़ रूपये जारी किए गए हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### घुसपैठिए का शव पीओके अधिकारियों को सौंपा

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर में 21 अगस्त को राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर हुई गोलीबारी के बाद घायल अवस्था में पकड़े गए पाकिस्तानी घुसपैठिए तबारक हुसैन का शव पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के अधिकारियों को सोमवार को सौंप दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि पीओके निवासी घुसपैठिए तबारक हुसैन का शव पुंछ जिले में चक्कन दा बाग के रास्ते पीओके अधिकारियों को सौंप दिया गया। अधिकारी ने कहा कि तबारक हुसैन के शव का पोस्टमॉर्टम रविवार को उप जिला अस्पताल, सुरनकोट में डॉक्टरों की एक टीम द्वारा किया गया था। तबारक हुसैन की सैन्य अस्पताल में इलाज के दौरान दिल का दौरा पडऩे से मौत हो गयी थी।

### पाकिस्तान की अकारण गोलीबारी की बीएसएफ ने करारा जवाब दिया

**जम्मू (आरएनएस)।** पाकिस्तानी रेंजर्स ने लगभग एक वर्ष के संघर्षविराम समझौते के बाद मंगलवार को जम्मू के अरनिया सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल(बीएसएफ) के एक गश्ती दल पर बिना उकसावे के गोलीबारी की जिसका भारतीय पक्ष ने माकूल जवाब दिया। यह गोलीबारी तब की गई जब भारतीय जवान बाड़ लगाने का काम कर रहे थे। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बीएसएफ के प्रवक्ता(जम्मू फ्रंटियर) ने कहा, मंगलवार को अरनिया सेक्टर में पाकिस्तानी रेंजर्स की अकारण गोलीबारी का बीएसएफ (जम्मू )ने मुंहतोड़ जवाब दिया। सतर्क जवानों ने आज सुबह अरनिया सेक्टर में बीएसएफ के गश्ती दल पर पाकिस्तानी रेंजर्स की ओर से बिना किसी उकसावे की गयी गोलीबार की करारा जवाब दिया। बीएसएफ के जवानों के हताहत होने या किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### सारण में व्यवसायी से 60 लाख रूपये की संपत्ति की लूट

**छपरा (आरएनएस)।** बिहार में सारण जिले के भगवान बाजार थाना क्षेत्र से अपराधियों ने स्वर्णाभूषण व्यवसायी से 60 लाख रूपये की संपत्ति लूट ली। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि उत्तरप्रदेश के बरेली जिला निवासी अभिलाष वर्मा सोमवार की देर रात जिले के नगर थाना क्षेत्र के साहेबगंज मोहल्ला के एक होटल से बाहर निकल कर ऑटो रिक्शा से से ट्रेन पकडऩे छपरा जंक्शन जा रहे थे।इस दौरान भगवान बाजार थाना क्षेत्र में दारोगा राय चौक के समीप बोलेरो चालक ने ओवरटेक कर उन्हें रोक दिया। इसके बाद बोलेरो पर सवार चार लोगों ने हथियार का भय दिखाकर उनके बैग में रखे सोना और नकद समेत 60 लाख रूपये की संपत्ति लूट ली। सूत्रों ने बताया कि अपराधी, व्यवसायी अभिलाष शर्मा को बोलेरो में बिठाकर ले गये और उसे एक निर्जन स्थान पर छोडक़र फरार हो गये। इस सिलसिले में संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस इस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

### धोखाधड़ी मामले में गैर जमानती वारंट जारी होने पर लखनऊ पहुंचीं सपना चौधरी

**लखनऊ (आरएनएस)।** हरियाणा की मशहूर डांसर सपना चौधरी की लखनऊ की सीजेएम कोर्ट में मंगलवार को होने वाली सुनवाई टल गई। बताया जा रहा है कि जज की छुट्टी होने के कारण आज सुनवाई नहीं हो सकी। दरअसल, आशियाना थाने में सपना चौधरी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज है। कई बार तारीख होने के बाद भी सपना चौधरी कोर्ट में पेश नहीं हुई। ऐसे में कोर्ट से उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ। अब अगली तारीख में सपना चौधरी को कोर्ट में पेश होना होगा। दरअसल, पिछले साल 2021 डांसर सपना चौधरी के खिलाफ एक डांस कार्यक्रम को अचानक कैंसिल करने और टिकट धारकों को पैसे नहीं लौटाने के मामले में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ। कई बार पेशी में सपना चौधरी गैर हाजिर रहीं। इस पर लखनऊ के एसीजेएम कोर्ट ने गिरफ्तारी का वारंट तक जारी किया। वहीं, मामले में 22 अगस्त को सुनवाई के लिए सपना को कोर्ट में हाजिर होना था। लेकिन, न तो सपना पहुंचीं और न ही उनकी ओर से कोई अर्जी दी गई थी।



## खौफनाक : दुष्कर्म का विरोध करने पर नाबालिग लड़की के मुंह में डाला तेजाब, फिर काट दिया गला




**अमरावती (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश में दुष्कर्म का विरोध करने पर आरोपी ने नाबालिग लडक़ी के मुंह में तेजाब डाल दिया और उसका गला काट दिया। चौंकाने वाली घटना सोमवार की रात एसपीएसआर नेल्लोर जिले के एक गांव में हुई। बताया जा रहा है कि नौवीं क्लास की 14 वर्षीय छात्रा अपने घर में अकेली थी। उस वक्त आरोपी उसके घर में घुस गया। खुद को बचाने के लिए पीड़िता वॉशरूम की ओर भागी और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया।

युवक ने दरवाजा तोड़ा और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया, उसने उस पर टॉयलेट साफ करने वाला तेजाब डाल दिया। जब लडक़ी ने शोर मचाने की कोशिश की तो हमलावर ने चाकू से उसका गला काट दिया और फरार हो गया। जब पड़ोसियों ने लडक़ी को खून से लथपथ देखा तो उन्होंने उसके माता-पिता को सूचना दी, जो किसी काम से बाहर गए हुए थे।

पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी नागराजू को गिरफ्तार कर लिया है। वह पीड़िता का रिश्तेदार बताया जा रहा है। पुलिस को आशंका है कि कुछ अन्य लोगों ने आरोपी की मदद की होगी। इस घटना से लोगों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

## अनंतनाग में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पोशक्रीरि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया था। जम्मू कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को जानकारी दी कि तलाशी के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसपर उन्होंने जवाबी कार्रवाई की और फिर दोनों पक्षों में मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारी के मुताबिक, इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। उन्होंने बताया कि आतंकियों की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है वे किस संगठन से संबद्ध थे।

## इस साल दीपोत्सव में 14 लाख दीयों से जगमगाएगी अयोध्या



**अयोध्या (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस साल दिवाली के दौरान अयोध्या में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम में 14 लाख दीये जलाने का लक्ष्य रखा है। राज्य सरकार का इरादा एक बार फिर एक साथ किसी भी स्थान पर सबसे अधिक संख्या में दीये जलाने का अपना ही रिकॉर्ड तोडऩे का है।

सरकार ने 2021 में घाटों पर 9 लाख से अधिक दीये जलाकर अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़ा था। शहर भर में अन्य 3 लाख दीये जलाए गए।

पर्यटन विभाग इस साल 23 अक्टूबर को पडऩे वाली दिवाली की पूर्व संध्या पर मनाए जाने वाले दीपोत्सव पर शहर में 14 लाख से अधिक दीये जलाने की योजना पर काम कर रहा है।

सरकार के प्रवक्ता के अनुसार, शहर के 21 मंदिरों में लगभग 4.5 लाख दीये जलाए जाएंगे, जिससे कुल संख्या 18 लाख से अधिक हो जाएगी। विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को अपने अधीन आने वाली प्रत्येक ग्राम सभा में 10 दीये बनवाने का निर्देश दिया है, जो सरकार को दान में दिए जाएंगे।

गिनीज बुक ऑफ वल्ड रिकॉर्ड की एक टीम भी मौके पर मौजूद रहेगी।

प्रमुख सचिव (पर्यटन) मुकेश मेश्राम ने कहा कि ग्राम सभाओं से एकत्र किए गए दीयों को फैजाबाद में डॉ. राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय को सौंप दिया जाएगा, जिसके स्वयंसेवक हर साल उन्हें घाटों पर रखने और उन्हें जलाने की प्रक्रिया का नेतृत्व करते हैं।

## कैबिनेट का बड़ा फैसला : प्रदेश में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का होगा आयोजन

- स्थानीय खेल प्रतिभाओं को सामने लाने नयी पहल
- छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में कबड्डी, खो-खो, गेड़ी, पिट्ठुल समेत वॉलीबाल, हॉकी, टेनिस बाल क्रिकेट खेल स्पर्धाएं होंगी शामिल
- छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी होंगे प्रतिभागी



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में स्थानीय और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में नयी पहल की गई है। यहां इस साल से छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक खेल का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक में जहां ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कबड्डी, खो-खो लेकर टेनिस बाल क्रिकेट जैसे खेल प्रतियोगिताएं होंगी तो वहीं इस ओलंपिक में बच्चों से लेकर सौ साल के बुजुर्ग भी बतौर प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। खास बात यह कि, यहां छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक खेल में शामिल होने के लिए खिलाड़ी को छत्तीसगढ़ का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।

गौरतलब है कि भूपेश बघेल ने बतौर मुख्यमंत्री शपथ लेने के बाद छत्तीसगढिय़ा संस्कृति और ग्रामीण परम्परा को आगे बढ़ाने की विशेष पहल की है। मुख्यमंत्री बघेल खुद भी अनेक मौकों पर पारंपरिक खेलों में हाथ आजमाते नजर आते हैं। मुख्यमंत्री का पारंपरिक खेलों से लगाव इस तरह से भी देखने को मिला है कि, भेंट-मुलाकात समेत उनके कार्यक्रम के दौरान वे बच्चों के बीच पहुंचकर भौंरा, कंचे (बांटी), गिल्ली-डंडा, पिट्ठुल खेलने लगते हैं।

**चार स्तरों पर छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक का आयोजन :** छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक खेल-2022 में कबड्डी, खो-खो, गेड़ी, पिट्ठुल , व्हॉलीबाल, हॉकी और टेनिस बाल क्रिकेट को शामिल किया गया। इन खेलों के मुकाबले पुरूष और महिला दोनों श्रेणियों में होंगे। वहीं यह यहां ओलंपिक खेल चार स्तरों ग्राम पंचायत, ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर होगा। राज्य स्तर पर छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक खेल का आयोजन राजधानी रायपुर में होगा। इन खेलों के आयोजन में तकनीकी सहायता हेतु छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण के खेल प्रशिक्षक, राज्य और जिला खेल संघ के प्रतिनिधि एवं शिक्षा विभाग के शारीरिक शिक्षकों का सहयोग लिया जाएगा।

**राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए प्रशिक्षण :** छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक खेल-2022 के प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों को खेल प्रशिक्षक (कोच) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयार करेंगे। एथलीटों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बतौर खिलाड़ी करियर को बढ़ाने का यह सुनहरा मौका है।

**खेल आयोजन के लिए होंगी कमेटियां :** प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों एवं 146 ब्लॉक स्तर पर होने वाले खेल आयोजन के लिए अलग-अलग कमेटियां गठित की जाएंगी। ग्राम पंचायत स्तर पर गठित कमेटियों के संयोजक सरपंच होंगे और ब्लॉक स्तर पर गठित कमेटियों के संयोजक विकासखंड अधिकारी होंगे। खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाडिय़ों के भोजन, आवागमन एवं अन्य सुविधाओं के लिए ग्राम पंचायतों और विकासखण्डों के लिए बजट उपलब्ध कराया जाएगा।

## भारत सरकार को लगभग 30 करोड़ रुपए राजस्व हानि पहुंचाने वाले दो गिरफ्तार

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा के सेक्टर 63 में फर्जी कॉल सेंटर का हुआ भंडाफोड़, भारत सरकार को करीब 30 करोड़ राजस्व की हानि पहुंचाने वाले दो गिरफ्तार किए गए हैं। उनके कब्जे से लगभग 30 लाख रुपए का सामान बरामद हुआ है।

थाना सैक्टर 63 नोएडा पुलिस ने 5 सितंबर को सी 59 सेक्टर 63 नोएडा से महिला अभियुक्त 1. स्वीटी शर्मा 2. पंकज साफी को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 8 कीबोर्ड, 14 माउस, 5 हैड फोन, 05 लैपटाप चार्जर, 5 राउटर चार्जर, 6 कम्प्यूटर डेक्सटॉप लीड, 02 कन्कैटिव वायर, 7 एलसीडी मानीटर, 06 राउटर इन्टरनेट, 03 इन्टरनेट कनेक्षन बाक्स, 03 सीपीयू, 01 सर्वर सीपीयू, 05 सर्वर, 08 लेपटॉप विभिन्न मार्का, 01 मोहर व 03 मोबाइल फोन विभिन्न कम्पनी (कीमत लगभग 30 लाख रुपए) के बरामद किए गए हैं।

स्वीटी शर्मा और पंकज साफी ने पूछताछ में बताया की फर्जी एक्सचेंज खोलकर विदेशों से आने वाली काल को राउटर के द्वारा लोकल काल में बदलकर जियो कम्पनी के नेटवर्क के द्वारा लोगों से वार्ता करायी जाती थी। इस कृत्य से भारत सरकार को भारी राजस्व की हानी हुई तथा देश की सुरक्षा पर भी खतरा बढ़ा।

## कुशियारा नदी जल बंटवारे समेत भारत-बंगलादेश में 7 समझौतों पर हस्ताक्षर

- समग्र आर्थिक साझीदारी करार पर चर्चा शुरू करेंगे भारत बंगलादेश
- बंगलादेश भारत का सबसे बड़ा विकास साझीदार : मोदी
- बंगलादेश मुक्ति संग्राम में भारत के योगदान को कभी नहीं भूलेंगे : हसीना



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत एवं बंगलादेश ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक भूराजनीतिक घटनाक्रमों की समीक्षा करते हुए अपनी अर्थव्यवस्थाओं को और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ सीमा पर व्यापारिक सुविधाओं एवं ढांचों को सुदृढ़ करने और समग्र आर्थिक साझीदारी करार (सीपा) पर बातचीत शुरू करने का आज फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत यात्रा पर आईं बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के बीच आज यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में परस्पर सहयोग को मजबूत बनाने के लिए अनेक फैसले लिए गए और इस संबंध में सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। जिन समझौतों पर हस्ताक्षर किये जिनमें कुशियारा नदी के जल के बंटवारे एवं साझा उपयोग को लेकर, बंगलादेश रेलवे के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने, बंगलादेश रेलवे को मालवहन समेत विभिन्न क्षेत्रों में आईटी एप्लीकेशन के उपयोग में सहयोग, बंगलादेश के न्यायिक अधिकारियों की क्षमता निर्माण में सहयोग, विज्ञान एवं तकनीक के अनुसंधान में सहयोग, अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग तथा प्रसार भारती एवं बंगलादेश टेलीविजन के बीच प्रसारण संबंधी सहयोग के सहयोग के करार शामिल हैं। इसके बाद दोनों देशों के बीच विकास साझीदारी की परियोजनाओं को एक फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। इसके बाद बंगलादेश की प्रधानमंत्री ने मोदी को भारत एवं बंगलादेश के बीच राजनयिक संबंधों की स्वर्ण जयंती के अवसर पर प्रकाशित एक पुस्तक भेंट की।

सोमवार को भारत की चार दिन की यात्रा पर यहां पहुंचीं हसीना का सुबह राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में रस्मी स्वागत किया गया। उन्होंने तीनों सेनाओं की एक संयुक्त टुकड़ी की सलामी गारद का निरीक्षण किया। इसके बाद हसीना राजघाट गईं, जहां उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूर्वाह्न 11 बजे हैदराबाद हाउस पहुंची जहां मोदी ने उनका स्वागत किया। पहले दोनों नेताओं के बीच एकांत में बातचीत हुई और फिर प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक शुरू हुई। मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में कहा कि पिछले वर्ष हमने बंगलादेश की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ, हमारे राजनयिक संबंधों की स्वर्ण जयंती और बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की जन्म शताब्दी को एक साथ मनाया था। पिछले वर्ष 6 दिसंबर को हमने पहला 'मैत्री दिवस' भी साथ मिलकर पूरी दुनिया में मनाया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री शेख हसीना की यात्रा हमारी आज़ादी के अमृत महोत्सव के दौरान हो रही है। और मुझे पूरा विश्वास है कि अगले 25 सालों के अमृत काल में भारत-बांग्लोदश मित्रता नई ऊंचाइयां छूएगी।

उन्होंने कहा कि आज बंगलादेश भारत का सबसे बड़ा विकास साझीदार और क्षेत्र में हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है। हमारे घनिष्ठ सांस्कृतिक और दोनों देशों की जनता के बीच संबंधों में भी निरंतर वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, आज हमने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मसलों का व्यापक विचार मंथन किया। हमने कोविड महामारी एवं हाल के अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम से सीखा है कि हमें अपनी अर्थव्यवस्थाओं को और मजबूत बनाना होगा। सीमा पर व्यापारिक सुविधाओं के ढांचे को सुदृढ़ किया जाए तो हमारी अर्थव्यवस्थाएं एक दूसरे से और जुड़ेंगी और हम एक दूसरे का अधिक सहयोग कर पाएंगे। मोदी ने कहा कि भारत एवं बंगलादेश के बीच समग्र आर्थिक साझीदारी करार (सीपा) पर शीघ्र चर्चा शुरू करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि बैठक में हमने आईटी, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने का निश्चय किया, जो हमारी युवा पीढिय़ों के लिए रूचि रखते हैं।